राजस्थान राज्य सहकारी क्रय–विक्रय संघ लि. जयपुर
4, भवानी सिंह रोड, जयपुर – 302001 फोन नं. 0141–2740364 ई–मेल rajfed_hrd@yahoo.com

**रबी 2023 में सरसों भर्ती हेतु Indian Origin A-Twills 91.5 cms X 67.50 cms Weight 989 gms एफ.ओ.आर. राजस्थान हेतु सीमित निविदा**
**निविदा संख्या.....1...... / 2023**

दिनांक :

क्रमांक / एफ / मा.सं.वि. / 2023–24 /

..........................................................
..........................................................
..........................................................
..........................................................

विषय :– रबी 2023 सीजन में सरसों भर्ती हेतु एटी (A-Twill) (Indian Origin – 989 gms) जूट बारदाना आपूर्ति के सम्बन्ध में सीमित निविदा माध्यम से प्रस्ताव प्रस्तुत करने बाबत्।

महोदय,

आपकी फर्म नेफैड, कोलकाता द्वारा जूट बैग्स की आपूर्ति हेतु एमपेनल्ड / जूट कमिशनर कार्यालय में पंजीकृत है। कृपया आप राजफैड की उक्त सीमित निविदा संख्या........................ के क्रम में रबी 2023 सीजन में निम्नलिखित शर्तों पर सरसों भर्ती हेतु Indian Origin A-Twills 91.5 cms X 67.50 cms Weight 989 gms एफ.ओ.आर. राजस्थान बारदाना आपूर्ति हेतु अपनी स्वीकृति भिजवाने का कष्ट करें:–

1. फर्म वर्तमान रबी 2023 सीजन में नेफैड, कोलकाता द्वारा जारी की गई खुली निविदा संख्या 20230309070729.PDF दिनांक 09.03.2023 में एटी बारदानें आपूर्ति हेतु एल–1 दर पर एमपेनल्ड / जूट कमिशनर कार्यालय में पंजीकृत है और राजफैड को इस हेतु यथा प्रवृत्त नेफैड की उक्त निविदा संख्या 20230309070729.PDF दिनांक 09.03.2023 में वर्णित स्पेसिफिकेशन, ब्रेन्डिंग आदि व अनुमोदित न्यूनतम दर के अनुसार राजफैड को इस श्रेणी का बारदाना एफओआर आपूर्ति करने हेतु सहमत है। प्रत्येक बेल पर राजफैड, जूट मिल का नाम एवं भारत में उत्पादित अंकित होना आवश्यक है।
2. फर्म द्वारा एटी बारदाना राजस्थान में एफओआर राजफैड क्रय केन्द्रों पर नेफैड, कोलकाता द्वारा जारी खुली निविदा संख्या 20230309070729.PDF दिनांक 09.03.2023 से अनुमोदित राजस्थान में आपूर्ति हेतु स्वीकृत न्यूनतम एफओआर दर एटी बारदाना हेतु 10035 रू. + जीएसटी @ 5 प्रतिशत 501.75 रू. कुल 10536.75 रू. प्रति 100 बैग की दर में से 1 प्रतिशत नेफैड प्रशासनिक व्यय घटाते हुये आपूर्ति की जायेगी। उक्त दर नेफैड, कोलकाता द्वारा राजस्थान के लिये स्वीकृत एल–1 दर है।
3. उक्त उल्लेखित दर में ब्राण्डिंग चार्जेज, ट्रांजिट इंश्योरेन्स, समस्त लेवी एवं कर, परिवहन, इंसपेक्शन चार्जेज, लोडिंग एवं क्रय केन्द्रों पर अनलोडिंग तथा सुपरवीजन चार्जेज व अन्य प्रकार के सभी व्यय सम्मिलित हैं।
4. चूंकि फर्म द्वारा राजफैड को अनुबंधानुसार सीधी आपूर्ति की जावेगी अतः फर्म द्वारा राजफैड क्रय केन्द्रों पर उक्त बारदाना आपूर्ति के बिल में नेफैड को फर्म द्वारा देय प्रशासनिक व्यय की राशि घटाकर जारी किये जायेगे।
5. आपूर्ति किये जाने वाली बारदानें की गुणवत्ता का इंसपेक्शन आपूर्तिकर्ता फर्म द्वारा नेफैड / जूट कमिशनर द्वारा निर्धारित प्रक्रिया अनुसार जूट कमिश्नर द्वारा अधिकृत इंसपेक्शन ऐजेन्सी यथा एसजीएस इत्यादि से डिस्पेच पूर्व फैक्ट्री परिसर में फर्म स्वयं के खर्च पर करवाया जायेगा एवं इस विषयक संतोषजनक गुणवत्ता की निरीक्षण रिपोर्ट बिलों के साथ संलग्न की जायेगी।

6. फर्म द्वारा राजफैड के आपूर्ति आदेशों अनुसार राज्य के विभिन्न क्रय केन्द्रों पर उक्त श्रेणी का बारदाना आदेश की तिथि से अधिकतम 07 दिवस में (अंतिम तिथि 25.06.2023) डिस्पेच की जावेगी। आपूर्ति विलम्ब की स्थिति में नेफैड द्वारा जारी उक्त निविदा व राजफैड की भुगतान शर्तों अनुसार कटौती की जा सकेगी। आपूर्तिकर्ता जूट मिल द्वारा न्यूनतम 02 लाख नग की मात्रा के लिये अपनी सहमति दी जानी चाहिये।
7. आपूर्तित बारदानें की 90 प्रतिशत राशि का भुगतान डिस्पेच के बाद प्रूफ ऑफ डिस्पेच प्राप्त होने पर के साथ क्षेत्रीय कार्यालयों से ट्रक पहुंचने की अन्तरिम पुष्टि दूरभाष/मेल के माध्यम से प्राप्त होने पर एवं बारदाना आपूर्ति की पुष्टि पर तथा 10 प्रतिशत राशि का भुगतान क्षेत्रीय कार्यालयों से अंतिम पुष्टि प्राप्त होने पर, समस्त बिलों के समायोजन व जीएसटीआर–2ए से मिलान पश्चात् तथा समस्त बिल इंस्पेक्शन रिपोर्ट आदि प्राप्त होने पर जारी किया जावेगा। आदेशित मात्रा की नियमानुसार निर्धारित प्रतिशत राशि बतौर प्रतिभूति राशि के रूप में या तो फर्म द्वारा राजफैड को बैंक ड्राफ्ट/आरटीजीएस द्वारा पृथक से जमा करवायी जावेगी अथवा राजफैड द्वारा आपूर्ति बिलों के किये जाने वाले भुगतानों में से समायोजित की जा सकेगी। प्रतिभूति राशि संवेदक को संतुष्टिपूर्ण आपूर्ति के पश्चात् कोई कटौती बाकी नहीं होने पर शीघ्र देय होगा। उक्त राशि पर कोई ब्याज देय नहीं होगा।
8. राजफैड क्रय केन्द्रों पर फर्म द्वारा आपूर्तित बारदानें की गुणवत्ता की शिकायत प्राप्त होती है तो उसे फर्म द्वारा 07 दिवस में अपने हर्जे–खर्चे पर वापस उठाया जाना होगा। उक्त खराब बारदानें का भुगतान राजफैड द्वारा नहीं किया जायेगा।
9. बारदाना आपूर्ति के सम्बन्ध में किसी भी विवाद की स्थिति में प्रबन्ध संचालक राजफैड का निर्णय अंतिम होगा जो कि दोनों पक्षों को मान्य होगा। समस्त विवाद दोनों पक्षों द्वारा पारस्परिक बातचीत, समझौते इत्यादि से मध्यस्थता एवं सुलह अधिनियम 1996 के प्रावधानों के अनुसार निस्तारित किये जावेगे। अनुबन्ध अवधि में अनुबन्ध/कार्यादेश को निरस्त/संशोधित करने का अधिकार प्रबन्ध संचालक राजफैड में निहित रहेगा।
10. किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र केवल जयपुर होगा।
11. नेफैड, कोलकाता द्वारा A-Twill बारदाना आपूर्ति हेतु की गई ई–निविदा संख्या 20230309070729.PDF दिनांक 09.03.2023 की निर्धारित शर्तें भी यथायोग्य (Mutatis Mutandis) इस निविदा व अनुबन्ध में भी लागू रहेगी।
12. राज. लोक उपापन अधिनियम 2012 व नियम 2013 के साथ–साथ सा० वि० ले० नियम के यथा योग्य लागू होने वाले प्रावधान भी इस क्रम में लागू रहेगे।
13. आपूर्तिकर्ता फर्म द्वारा भविष्य में यदि नेफैड के लिये दरों में कमी की जाती है तो उसका पूरा लाभ राजफैड को दिया जावेगा।
14. फर्म द्वारा राजस्थान उपापन अधिनियम/नियमों में वांछित कोड ऑफ इंटीग्रिटी तथा कॉनफ्लिक्ट ऑफ इंटरेस्ट सम्बन्धी प्रमाण पत्र संलग्न प्रपत्रानुसार दिया जावेगा।
15. राजफैड द्वारा समय–समय पर उक्त आपूर्ति के बाबत जारी पत्र, कार्यादेश इत्यादि व आपूर्तिकर्ता की आपूर्ति विषयक सहमति इस अनुबन्ध का अंश होगे।
16. इस सीमित निविदा व संलग्न अनुबन्ध एवं नेफैड की ई–निविदा संख्या 20230309070729.PDF दिनांक 09.03.2023 में अंकित शर्तों के अतिरिक्त आपूर्तिकर्ता फर्म की कोई भी अतिरिक्त शर्त मान्य नहीं होगी।

उक्त शर्तों पर बारदाना आपूर्ति हेतु आपकी सहमति के साथ भुगतान हेतु बैंक खाते का विवरण भी भिजवाये एवं 500 रू. के स्टाम्प पेपर पर संलग्न प्रपत्रानुसार अनुबन्ध कार्यादेश के तीन दिवस में निष्पादित करे।

संलग्न :– 1. अनुबन्ध की प्रति।
2. कोड ऑफ इंटीग्रिटी।
3. नो कॉनफ्लिक्ट ऑफ इंटरेस्ट अंडरटेकिंग

प्रबन्ध संचालक, राजफैड